समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' का गाना 'अलविदा' हुआ रिलीज़, विक्रांत मैसी और शनाया कपूर की इमोशनल केमिस्ट्री ने जीता दिल।

Publisher

Published on 05 Jul 2025




## फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' का अलविदा गाना हुआ रिलीज़, विक्रांत मैसी और शनाया कपूर ने इमोशनल केमिस्ट्री से जीता दिल, विशाल मिश्रा की आवाज़ ने बिछड़ने का दर्द बयां किया।

**मुंबई :** बॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित रोमांटिक फिल्म '**आंखों की गुस्ताखियां**' के ट्रेलर ने जहां दर्शकों का ध्यान खींचा, वहीं अब इसका नया गाना '**अलविदा**' रिलीज़ होते ही सोशल मीडिया पर ट्रेंड करने लगा है। इस इमोशनल गाने में **विक्रांत मैसी** और **शनाया कपूर** ने अपने शानदार अभिनय से बिछड़ने के दर्द को जीवंत कर दिया है।

**गाने मे दिखा अनकहे जज्बातों का दर्द**
'**अलविदा**' गाने के बोल और संगीत मशहूर म्यूजिक डायरेक्टर **विशाल मिश्रा** ने तैयार किए हैं। उन्होंने इस गाने को गाया, **कंपोज** और अरेंज भी किया है। **विशाल मिश्रा** की **भावुक आवाज** और सादगीभरा **म्यूजिक** इस गाने को खास बनाता है।

इस गाने में वो अलविदा दिखाया गया है, जो जुबां से नहीं, बल्कि दिल की गहराई से कहा जाता है। **विक्रांत मैसी** और **शनाया कपूर** की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री में उन जज्बातों को बखूबी दिखाया गया है, जिन्हें शब्दों में बयां करना मुश्किल होता है।

**फिल्म का ट्रेलर पहले ही मचा चुका है धमाल**
हाल ही में रिलीज हुए '**आंखों की गुस्ताखियां**' के ट्रेलर को दर्शकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था। फिल्म में **विक्रांत मैसी** पहली

बार पूरी तरह रोमांटिक अवतार में नजर आ रहे हैं। वहीं **शनाया कपूर** अपनी पहली फिल्म में ताजगी और मासूमियत लेकर आई हैं, जिसने दर्शकों के दिल जीत लिए हैं।

फिल्म के ट्रेलर में दिखाया गया है कि यह सिर्फ एक सामान्य प्रेम कहानी नहीं, बल्कि उन रिश्तों की कहानी है जहां प्यार के साथ-साथ धोखा, दूरी और बिछड़ने की पीड़ा भी शामिल है।

**मेकर्स ला रहे है पुराने बॉलीवुड रोमांस की झलक**
फिल्म के निर्माताओं का कहना है कि '**आंखों की गुस्ताखियां**' के जरिए वे पुराने बॉलीवुड रोमांस की मिठास को दोबारा बड़े पर्दे पर लाना चाहते हैं। इसमें वो सब कुछ है जो एक परफेक्ट लव स्टोरी में होना चाहिए — **पहली मुलाकात, धीरे-धीरे पनपता प्यार, गलतफहमियां, दूरियां और अंत मे अलविदा का दर्द**।

**गाने को मिल रहा शानदार रिस्पॉन्स**
सोशल मीडिया पर रिलीज के कुछ घंटों के अंदर ही '**अलविदा**' गाना ट्रेंड करने लगा। दर्शकों ने **विशाल मिश्रा** की आवाज और म्यूजिक को 'दिल तोड़ देने वाला लेकिन खूबसूरत' बताया है। फैंस **विक्रांत मैसी** और **शनाया कपूर** की जोड़ी को भी खूब सराह रहे हैं।

**फिल्म से जुड़ी प्रमुख जानकारी**
**निर्देशक :** संतोष सिंह
**कहानी और निर्माण :** मानसी बागला
**प्रस्तुति :** ज़ी स्टूडियोज और मिनी फिल्म्स
**म्यूजिक :** विशाल मिश्रा
**स्टार कास्ट :** विक्रांत मैसी, शनाया कपूर, ज़ैन खान दुर्वानी
**रिलीज डेट :** 11 जुलाई 2025

यह फिल्म मानसून के खूबसूरत मौसम में रिलीज हो रही है, जो रोमांटिक फिल्मों के लिए एकदम परफेक्ट टाइमिंग मानी जाती है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.